## खास-खबरें

### भाजपा संगठन पर्व प्रदेश स्तरीय अपील समिति की घोषणा



शाजापुर। भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व 2024 के अंतर्गत सांसद एवं राष्ट्रीय संगठन चुनाव अधिकारी डॉ के लक्ष्मण द्वारा उज्जैन विकास प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जगदीश अग्रवाल को संगठन पर्व 2024 की प्रदेश स्तरीय अपील समिति का संयोजक बनाया है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ढालसिंह बिसेन व वेदप्रकाश शर्मा को सहसंयोजक नियुक्त किया है।

### नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा ( निप्र )।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कोतवाली में दर्ज अपराध के फरार आरोपितों भूपेन्द्र पुत्र जसराम अहिरवार उम्र 22 साल निवासी ग्राम सूरीकला जिला ललितपुर (उप्र), रोहित पुत्र केहर सिंह परमार उम्र 24 साल निवासी ग्राम ककरेला जिला ललितपुर (उप्र), राहुल चन्देल चिडार पुत्र धनीराम चिडार उम्र 21 साल निवासी ग्राम कुडीला जिला टीकमगढ, दीपक पुत्र हरदयाल कुशवाह उम्र 19 साल निवासी ग्राम चंदपुरा जिला निवाडी, जुगल पुत्र मनोहर केवट उम्र 19 साल निवासी गयाजीतपुरा जिला टीकमगढ तथा अर्जुनपाल पुत्र दलूपाल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम पडावर जिला टीकमगढ की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए दस हजार रू. का नकद इनाम घोषित किया है। वहीं, थाना गंजबासौदा शहर में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 776/2024 के फरार अज्ञात आरोपित की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए 10 हजार रू. का नकद इनाम घोषित किया गया है।

### एक करोड़ से अधिक की 20 बीघा शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया

**विदिशा( निप्र )।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर शमशाबाद एसडीएम अजय प्रताप सिंह पटेल और पुलिस अधिकारियों के संयुक्त समन्वय से ग्राम बिछिया में बीस बीघा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण से विमुक्त कराया गया है जिसका बाजार मूल्य लगभग एक करोड़ रू. से अधिक हैं। यह भूमि ग्राम पंचायत बिछिया की गौशाला को सौंपी गई है। वहीं मौके पर चीरे गढवाए गए तथा चीरो को लाल कलर से पुतवा कर तार फेंसिंग कराई गई है।

### छात्रावास का प्रभारी अधीक्षक निलम्बित

**विदिशा ( निप्र )।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने तथा बिना पूर्व सूचना के मुख्यालय से अनुपस्थित रहने पर शासकीय अनुसूचित जाति जूनियर बालक छात्रावास ग्यारसपुर के प्रभारी अधीक्षक, प्राथमिक शिक्षक प्रमोद कुमार शर्मा को निलंबित कर दिया है।

# रायसेन जिले के धरती आबा जनजातीय के 92 गांवों का सुनियोजित विकास किया जाएगा : कलेक्टर



**रायसेन।**

जनजातीय बाहुल्य ग्रामों को पूर्ण रूप से विकसित करने तथा चरणबद्ध विकास के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक सह वीडियो कॉफ्रेंस कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने जिले के चिन्हांकित 92 ग्रामों में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत तैयारियों की प्रगति की विस्तृत जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुबे ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के तहत जिले के चिन्हांकित 92 ग्रामों का सुनियोजित विकास किया जाएगा। अभियान में जनजातीय बाहुल्य ग्रामों में सक्षम बुनियादी ढांचे का विकास, आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, अच्छी शिक्षा तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करना तथा स्वस्थ्य जीवन के साथ ही सम्मानजनक जीवन की धारणा को सुनिश्चित करना शामिल है। उन्होंने निर्देश दिए कि इन 92 ग्रामों में शासकीय संस्थाओं के भवनों सहित जिन भी विकास और निर्माण कार्यो की आवश्यकता है, उनके प्रस्ताव बनाकर शीघ्र भेजे जाएं।

कलेक्टर श्री दुबे ने निर्धारित ग्रामों में शासकीय स्वास्थ्य संस्थाएं, ग्रामों के प्रत्येक घर में नल से पेयजल वितरण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सभी ग्रामों तक पहुंच मार्ग, समग्र शिक्षा, टेलीकॉम कम्युनिकेशन, प्रत्येक घर में विद्युत कनेक्शन, आंगनवाड़ी केन्द्र, पोषण वाटिका सहित मत्स्य और पशुपालन विभाग की योजनाओं का हितलाभ वितरण सुनिश्चित कराना है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन ग्रामों में आंगनवाड़ी किराए के भवन में संचालित हो रहे हैं वहां नवीन भवन और शासकीय भवनों में आवश्यकता होने पर मरम्मत के प्रस्ताव भेजने जाएं। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा सभी एसडीएम और जनपद सीईओ को अपने-अपने क्षेत्रों के चिन्हांकित ग्रामों का भ्रमण कर जांच करने के भी निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। अनुभागों से वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से एसडीएम, जनपद सीईओ सहित खण्ड स्तरीय अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

विदिशा (निप्र)। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय पहुंचकर अस्पताल के ओपीडी सहित अन्य कक्षों, विभिन्न वार्डो का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने उपचार कराने पहुंचे रोगियों व उनके परिजनों से भी चर्चा कर जानकारी प्राप्त की। रोगियों द्वारा स्वास्थ्य सुविधा हेतु व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया गया। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निरीक्षण दौरान अनुपस्थित पाए गए तीन चिकित्सको डॉ शरद कुशवाह, डॉ धर्मेन्द्र रघुंवशी और डॉ अरूण अग्रवाल को शोकॉज नोटिस जारी किए गए है। कलेक्टर श्री सिंह ने चिकित्सालय में रोगियों के पंजीयन हेतु पर्चे बनाए जाने की प्रक्रिया का पंजीयन केंद्र में अवलोकन किया। उन्होंने रोगियों को प्रदान की जा रही दवा वितरण हेतु स्थापित औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने इस अवसर पर चिकित्सालय परिसर के मुख्य द्वार और शौचालय सहित अन्य स्थलों पर गंदगी पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह चिकित्सालय के एसएनसीयू वार्ड में भी पहुंचे, जहां महिलाएं अपने नवजात शिशुओं को एक बजे तक आरओपी (नेत्र रेटिना) लेकर जांच कराने की प्रतीक्षा में बैठी हुई थीं।

## अखिल भारतीय युवा क्षत्रिय महासभा निःशुल्क वैवाहिक परिचय सम्मेलन 9 को

**जबलपुर।**




अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा इकाई के द्वारा 9 नवम्बर को निशुल्क वैवाहिक परिचय सम्मेलन एवं पारिवारिक मिलन का आयोजन मानस भवन में किया जा रहा है। इस निशुल्क वैवाहिक परिचय सम्मलेन समारोह में. राकेश सिंह, केबिनेट मंत्री (लोक निर्माण विभाग म.प्र.) श्री जगत बहादुर सिंह अन्नू, महापौर जबलपुर श्री सुरेन्द्र सिंह तोमर राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री शिव सिंह परिहार राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा, श्रीमति हेमलता तोमर राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मुख्य रूप से इस आयोजन में विशिष्ट आतिथ्य शिरकत करेगें। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि 09 नवम्बर शनिवार को आयोजित होने वाले निशुल्क वैवाहिक परिचय सम्मलेन समारोह में विवाह योग्य युवक-युवती अपना वैवाहिक परिचय मंच पर प्रस्तुत करेंगे, एवं क्षत्रिय संस्कार वैवाहिक पत्रिका का विमोचन किया जायेगा, महासभा को अब तक 600 वैवाहिक विवरण प्राप्त हो चुके हैं, जिनका विवरण पत्रिका में प्रकशित किया गया है, जबलपुर संभाग के सभी जिलाध्यक्ष आयोजन में पधार रहे है, कार्यक्रम में राघवेन्द्र सिंह चौहान, कृष्ण शेखर सिंह, इंजीनियर प्रहलाद सिंह राजपूत, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, अमित सिंह बैस, शिवेंद्र सिंह गौर, डॉ. शिव कुमार सिंह, शंकर सिंह राजपूत, सुरजीत सिंह, रणजीत सिंह, पुष्पराज सिंह बघेल, अभिषेक सिंह गौर, डॉ लोकेश सिंह, वर्षा चौहान, सीमा चौहान, एकता ठाकुर, सुनीता सिंह, रचना सिंह और उर्मिला सिंह ने स्वजातीय बंधुओं से बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# छठ पर्व पर डूबते सूरज को दिया अर्घ्य

**सीहोर।**

जिले में छठ पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर स्थित सीवन नदी तट पर भोजपुरी समाज के तत्वाधान में गुरुवार को अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य दिया गया। वहीं भजन और सुंदर कांड का आयोजन किया गया। वहीं समाज के पादाधिकारियों का सम्मान किया गया। शुक्रवार को अल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा।

छठ के पावन पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। सीवन नदी घाट पर सूर्य देव को अर्घ्य प्रदान किया। छठ पर्व की शुरूआत भोजपुरी समाज के व्रतियों द्वारा लौकी चावल का सेवन करके किया। इसके बाद गुड़, चावल और दूध से निर्मित खीर का भोग लगाकर भगवान को खरना के रुप में प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद रात्रि से 36 घंटे का निर्जला व्रत प्रारंभ हो गया है, जो कि शुक्रवार को प्रात: कालीन सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात समाप्त हो जाएगा।



आज उगते सूरज को अर्घ्य के साथ होगा व्रत का समापन

गुरुवार की शाम को समाज व शहर के गणमान्य लोग सीवन घाट पर उपस्थित होकर छठ माई की पूजा अर्चना की गई एवं डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया। घाट पर ही सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा छठ माई के भजनों की प्रस्तुति दी गई। इसके बाद रात 9 बजे के पश्चात सुन्दरकाण्ड का भी आयोजन किया गया। सुबह पुन: लगभग 4 बजे से समाज के सभी लोग घाट पर एकत्रित हुए और उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर एवं छठी माई की पूजा अर्चना करके पर्व का समापन करेंगे, वहीं छठ पर्व को लेकर भोजपुरी समाज को जन प्रतिनिधियों ने भी शुभकामनाएं दी हैं।

## राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी रवाना

**गंजबासौदा।** 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता हरदा में आयोजित हो रही है। जिसमें सैंट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की एक छात्रा याशिका रघुवंशी, और एक छात्र कृष्णा लोधी काअंडर 17 में चयन हुआ था।



राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में सहभागिता करने विद्यालय की ओर से खिलाड़ियों का सम्मान कर हरदा के लिए रवाना किया गया। खेल अधिकारी कपिल गौड़ ने बताया कि प्रतियोगिता दिनांक 8 नवम्बर से लेकर 12 नवम्बर तक हरदा जिला मुख्यालय पर आयोजित की जा रही है। गत दिनों आयोजित संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में याशिका रघुवंशी और छात्र कृष्णा लोधी का अंडर 17 आयु वर्ग खो-खो प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ था। अब दोनों प्रतिभागी भोपाल संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों छात्रों का संस्था के डायरेक्टर के .एस. यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, कोच गजेन्द्र सिंह ने सम्मान कर शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। ।

## कार्तिक मेले में झूलों के टेंडर से नगर निगम को लाखों की आय

**उज्जैन।** 14 नवंबर से लगने वाला कार्तिक मेला नगर निगम के लिए अब फायदे का सौदा हो गया है। पिछले साल से ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया होने के कारण मेले से नगर निगम को आय हो रही है, जबकि पूर्व के वर्षों में जितना खर्चा होता था उतना पैसा भी नगर निगम को नहीं हो मिल पाता था। नगर निगम ने पिछले वर्ष मेले की दुकान एवं झूले ऑनलाइन टेंडर के माध्यम से आवंटित किए थे और इससे नगर निगम को लगभग एक करोड़ रुपए की आय हुई थी। इस बार ऑनलाइन टेंडर का दूसरा वर्ष है और अभी तक झूले के टेंडर हो चुके हैं। झूले के जो टेंडर हुए हैं उसमें कुल 20 झूले के टेंडर आए हैं।

## छठ महोत्सव संध्या अर्घ्य सम्पन्न

**जबलपुर।**



छठ महोत्सव पर्व की तैयारी बप्पी महासंघ द्वारा हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी राम मंदिर प्रांगण ईस्टलैंड खमरिया में किया गया। फेडरेशन के महासचिव अनिल गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि में मुख्य महा प्रबंधक एम एन हालदार श्रीमती इंद्राणी हालदार अध्यक्षका डब्लू डब्लू ए एम आई एल महाप्रबंधक आर के गुप्ता थे अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि सैकड़ो व्रती यहां पूजा करने किया संघ कार्यकारणी सदस्य संतोष चौधरी कन्हाई कुमार उदय शंकर यादव शशि शेखर आर्या ने सभी अतिथि का स्वागत किया आनंद शर्मा राकेश रंजन अशोक सिंह सतेंद्र सिंह अजय चौहान संगम यादव मुकेश मुखिया विमल सिंह कुन्दन कुमार अजीत सक्सेना सुबोध कुमार राकेश शर्मा रवि कांत मिश्रा रवीश रंजन राजीव राय गौतम शर्मा राजीव कुशवाह विपिन कुमार गौतम अमित सिंह के साथ सभी यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मैराथन रैली का आयोजन

**मंदसौर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री कपिल मेहता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर द्वारा न्यायोत्सव विधिक सेवा जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत विधिक सेवा दिवस के अवसर 9 नवंबर को प्रात: 7:30 बजे से एक मैराथन रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली जिला न्यायालय परिसर से प्रारंभ होकर उत्कृष्ट विद्यालय खेल परिसर तक आयोजित की जाएगी। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन में विधिक सेवाओं के प्रति जागरूकता फैलाना है, ताकि सभी नागरिक अपने विधिक अधिकारों और सेवाओं की जानकारी प्राप्त कर सकें।

## नेत्र शिविर में 175 रोगियों का किया परीक्षण

**गंजबासौदा।** सद्गुरु विज्ञान सेंटर पर नागरिक बैंक के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सक्सैना एवम पार्षद, वरिष्ठ पत्रकार सौदान सिंह यादव डा एके जैन। गणेश राम रघुवंशी ने। सदगुरु श्री रण छोड़ दास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया डॉक्टर राजकरण वर्मा एवम् डॉक्टर सौरभ शर्मा एवम् कैंप प्रभारी श्री राठौर ने 176मरीजों के नेत्र परीक्षण कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के तरीके बताएं और उनसे अनुरोध किया कि वह प्रत्येक माह में अपने नेत्र परीक्षण करायें ताकि नेत्रों से होने वाली परेशानियों से सामना न करना पड़े इस अवसर पर स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि स्वर्गीय रणछोड़ दास जी की कृपा से आनंदपुर ट्रस्ट द्वारा 50000 से अधिक ऑपरेशन निशुल्क किए जाते हैं जो की एक अनुकरणीय उदाहरण है इस अवसर पर समाजसेवी। संस्थाओं की और से श्री जगदीश एलिया ने अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया एवम् रवि अहिरवार ने चश्मा की जांच की रवि धाकड़ ने शुगर वा ब्लड प्रेशर की जांच की दवाइयों का वितरण नीलम सिंह जादौन ने कियासरदार सिंह सिसोदिया सहित नागरिक गण उपस्थित थे।

# नए साल में ही उपयोग में आ सकेगा रुद्र सागर पैदल ब्रिज

**उज्जैन।**

रुद्र सागर के पैदल ब्रिज निर्माण का काम सावन माह में पूरा होने संभावना जताई गई थी। लेकिन निर्माण की गति धीमी होने के कारण यह नहीं हो पाया था। इसके बाद बारिश के कारण काम रुका रहा और फिर शेष रहे कामों को पूरा किया जा रहा है।


उल्लेखनीय है कि यह ब्रिज उज्जैन स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा करीब ढाई साल से बनाया जा रहा है। इसका महाकाल लोक की तरफ का सिरा तैयार हो गया है और चार धाम मंदिर वाली साईड पर काम चल रहा था। यह अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। इस कारण सावन माह में श्रध्दालु इसका उपयोग नहीं कर पाए। यह बारिश बाद ही पूर्ण होने की संभावना जताई गई थी। परंतु अभी भी काम चल रहा है और नए साल में ही इस ब्रिज का उपयोग शुरू हो सकेगा।



गौरतलब है कि महाकालेश्वर मंदिर के पीछे, रूद्र सागर पर 200 मीटर लंबा और 7 मीटर चौड़ा पैदल ब्रिज बनाया जा रहा है। अनुबंध के अनुसार इसका निर्माण लगभग 11महीने पहले हो जाना था। परंतु कार्य की धीमी गति के चलते यह पूरा नहीं हो पाया। पुल का निर्माण कार्य महाकाल महालोक परियोजना के दूसरे चरण अंतर्गत दो साल पहले मई- 2022 में शुरू किया गया था। निर्माण एजेंसी को 25 करोड़ 22 लाख रुपये की राशि में यह ठेका दिया गया था। साथ ही 18 महीने में पहले निर्माण कार्य पूर्ण करने का टारगेट दिया गया था। इस हिसाब से यह काम नवंबर 2023 में पूरा हो जाना था। गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव से पहले इस ब्रिज का लोकार्पण करने के प्रयास भी किए गए। बावजूद इसके काम पूरा नहीं हो पाया था। इसके बाद श्रावण मास में इसके आरंभ होने की संभावना जताई गई थी। उस दौरान चार धाम मंदिर वाली साईड पर 40 मीटर का स्लेब डाला जा रहा था और फिनिशिंग का काम भी चल रहा था। इसके बाद बारिश का सीजन शुरू हो गया था।अब फिर यह काम शुरू हुआ है लेकिन इसकी गति धीमी है। ऐसे में आप रोज सागर के पैदल ब्रिज का उपयोग पर्यटक और श्रद्धालु नए साल में ही कर सकेंगे।

# कृषि छात्रों ने दीक्षारंभ कार्यक्रम में दिखाई प्रतिभा

**सीहोर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के अंतर्गत आर ए के कृषि महाविद्यालय सीहोर में कुलगुरु डॉ. अरविंद शुक्ला के संरक्षण, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. मृदुला बिल्लौरे के मार्गदर्शन एवं अधिष्ठाता डॉ एम. यासीन की अध्यक्षता में नव प्रवेशित कृषि छात्रों का 15 दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है दीक्षारंभ कार्यक्रम के द्वतीय चरण के प्रथम दिवस डॉ आर.पी. सिंह द्वारा छात्रों को प्रात: योग कराया गया जिसमें महाविद्यालय के डॉ डी. के. रैदास, डॉ नितेश पवार, डॉ सचिन बालपांडे एवं डॉ सूरज कश्यप योग कार्यक्रम में उपस्थित थे उसके पश्चात, नित्य वंदना के साथ कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया । डॉ




आर.सी. जैन के द्वारा प्रथम वर्ष के छात्रों को परीक्षा की तैयारी के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही शैक्षणिक प्रभारी डॉ बी आर बरैया के द्वारा विभिन्न शैक्षणिक नियमों एवं नियमावली के बारे में विस्तृत रूप से छात्रों को बताया गया ढ्ढ डा. ए के चौधरी द्वारा एग्रीकल्चर नैतिकता, डॉ ए. एन. भानु द्वारा नवीन शिक्षा नीति के बारे में बताया ढ्ढ इसके पश्चात् नव प्रवेशित कृषि छात्रों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें जिसमे लम्बी कूद, भाला फेंक रिले रेस एवं गोला फेक आदि खेलो का आयोजन किया गया, खेल गतिविधियों का संचालन स्पोर्ट अधिकारी डा. डी. के. रैदास के मर्गदर्शन में हुआ। लम्बी कूद बॉयस में शुभम राठौर प्रथम, द्वतीय देवेंद्र चौहान एवं तृतीय स्थान हिमांशु यादव ने प्राप्त किया गर्ल्स में रानी चंद्रवंशी ने प्रथम, द्वतीय पूजा एवं तृतीय स्थान रीना कनासे, भाला फेक में छात्र पूजा चौहान ने प्रथम, द्वतीय रानी चंदवंशी एवं तृतीय स्थान छवि गुप्ता ने प्राप्त किया साथ ही रिले रेस बॉयज में प्रथम स्थान कुञ्ज, प्रतीक पटेल, शुभम राठौर, देवेंद्र चौहान, द्वतीय स्थान छात्र भावेश भावसार, मयंक गौर, हिमांशु यादव, तन्मय परमार, तृतीय स्थान शिवम् पटेल, पियूष मालवीय, लकी गोखले ऋतिक भवेशकर एवं गर्ल्स रिले रेस में में प्रथम स्थान विपाशा, छवि गुप्त नीलम मेवाड़ा, मोनिका धुर्वे, द्वतीय स्थान प्रियंका परिहार, गोरी बाघ, उषा सोलंकी, राशि शर्मा तृतीय स्थान रूपाली बघेल, प्रिया कुमारी, अनुराधा ठाकुर, इशिका बड़ोदिया, ने प्राप्त किया। जिसमे डॉं राजेंद्र वर्मा, डॉं सूरज कश्यप, डॉ बबीता बघेल द्वारा खेल खिलाये गए। कार्यक्रम का संचालन के द्वारा किया गया एवं आभार डॉ बी आर बरैया के द्वारा प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ एस ए अली, डॉ एस एस कुशवाहा, डॉ लेखराम, डॉ सचिन बालपांडे, डॉ वर्षा धुर्वे, राजकुमार धाकड़ उपस्थित थे।